वसीका नं०- 2276

**नाम मोकिर :** हाफिज सैयद अशरफ उद्दीन अहमद वल्द सैयद सईद उद्दीन मरहुम बहैसियत ऐक्टिंग मोतवल्ली मुस्मात बीबी सोगरा वक्फ इस्टेट मोहल्ल लहेरी टाऊन व थाना परगना व सब डिविजन व सब रजिस्ट्री बिहार शरीफ जिला व जिला रजिस्ट्री नालन्दा कौम मुस्लिम साकिन मोहल्ला मीरदाद टाउन व थाना परगना व सब डिविजन व सब रजिस्ट्री बिहार शरीफ जिला नालन्दा।

**नाम मोकिर अलैह:** सोगरा कॉलेज, बिहार शरीफ जिला नालन्दा जो सोगरा वक्फ इस्टेट के जरीए कायम किया गया जिसकी इंतेजामिया कमेटी में मुन्दर्जा जैल अश्खास सोगरा वक्फ इस्टेट की जनरल कमिटि के जरीए नामजद किय गए हैं जिसके पैरेन्ट बॉडी (Parentbody) सोगरा वक्फ इस्टेट बिहार शरीफ है और हमेशा रहेगी।

1. डिसट्रिक्ट मजिस्टेट नालन्दा सदर ।
2. जनाब प्रोफेसर शफी अहमद लाल फाटक बिहार शरीफ नालन्दा।
3. जनाब ऐ मन्नान खॉ दरे नूर बिहार शरीफ नालन्दा।
4. जनाब एस सदर आलम कागजी मोहल्ला बिहार शरीफ नालन्दा।
5. जनाब एस शम्सुद्दरीन अहमद मोहल्ला खानकाह शेखपुरा मुंगेर।
6. जनाब एस कयाम उद्दीन अब्दुस समद एडवोकेट बारहदरी बिहार शरीफ नालन्दा।
7. जनाब महमुद आलम साबिक मुयुनसिपल कमिशनर बिहार शरीफ नालन्दा।
8. जनाब एम नसीम अख्तर साहेब चेयरमैन बिहार म्युनिसिपिल्टी बिहार शरीफ नालन्दा।
9. जनाब मुस्तफा हसन खॉ गढ़पर बिहार शरीफ नालन्दा।
10. जनाब जमील अहमद साहेब बीड़ी मरचेन्ट राम बाजार कल्कत्ता।
11. जनाब मुजफ्फर साहेब मोहल्ला छज्जु बिहार शरीफ नालन्दा।
12. जनाब महमुद आलम साहेब एडवोकेट मेरयम टोला बिहार शरीफ नालन्दा।
13. प्रोफेसर डॉ खुरशीद आलम साहेब मोहल्ल लहेरी बिहार शरीफ नालन्दा।
14. जनाब एस खुरशीद मो0 मोहसीन गुलशन मीरदाद बिहार शरीफ नालन्दा।
15. प्रोफेसर डॉ रजीउर रहमान साहेब नालन्दा कॉलेज बिहार शरीफ नालन्दा।
16. सैयद शाह जका हुसैन साहेब दायरा बिहार शरीफ नालन्दा।
17. जनाब हाजी अबु सईद साहेब मोहल्ल सोहडी बिहार शरीफ नालन्दा।
18. मोतवल्ली सोगरा वक्फ इस्टेट बिहार शरीफ नालन्दा। जनाब सैय्यद अशरफ उद्दीन
19. जनाब एस ऐ साबरी साहेब एम.एल.ऐ चतरा।
20. जनाब कमरूल हसन साहेब मुयुनसिपल कमिशनर बिहार शरीफ नालन्दा।
21. प्रोफेसर इंचारज सोगरा कॉलेज बिहार शरीफ नालन्दा।

**किस्म वसीका** : सेटलमेन्ट
**मालियत शैय सेटलमेन्ट** : मुबलिग दस हजार रूपया।
**तफसील शैय सेटलमेन्ट** : मवाजी आठ एकड़ अराजी हक्कीयत काशत रैयती बसेगा नकदी कायमी वाकिय मौजा कोहना सराय अन्दर मोहाल हबीब खाँ उर्फ पठान मोहल्ला टाउन व थाना परगना सब डिविजन व सब रजिस्ट्री बिहार शरीफ जिला व जिला रजिस्ट्री नालन्दा अन्दर हलका म्युनसिपिल्टी बिहार शरीफ तौजी नं0-10791 थाना नं0- 123

| खाता नं० | खसरा नं० | एकड़ | डी० |
|---|---|---|---|
| 90 | 693 | 3 | 84 |
| ,, | 694 | 0 | 5 |
| ,, | 804 | 0 | 21 |
| ,, | 695 | 0 | 3 |
| ,, | 805 | 0 | 6 |
| ,, | 806 | 0 | 36 |
| 86 | 672 | 0 | 17 |
| ,, | 657 | 0 | 26 |
| ,, | 696 | 0 | 12 |
| ,, | 703 | 0 | 32 |
| ,, | 704 | 0 | 86 |
| ,, | 712 | 0 | 15 |
| ,, | 715 | 0 | 22 |
| ,, | 716 | 0 | 46 |
| 79 | 669 | 0 | 36 |
| ,, | 757 | 0 | 20 |
| ,, | 656 | 0 | 27 |
| ,, | 673 | 0 | 6 |
| | | 8 | 00 |

अज आजॉ कि सोलह आना अराजीयात शैय सेटलमेन्ट हाजा हक्कीयत काशत रैयती बसेगा नकदी कायमी बीबी सोगरा वक्फ इस्टेट मोहल्ला लहेरी बिहार शरीफ जिला नालन्दा की है और इस वक्त तक बला मोजाहेमत व मुदाखेलत दीगरे व बिला शिरकतुल गैरे कब्जा दख्ल में वक्फ इस्टेट मोहल्लाह बिहार शरीफ जिला नालन्दा बतौलियत मनमोकिर ऐक्टींग मोतवल्ली के है जिसकी रसीद जमीनदारी बिहार सरकार से बनाम सोगरा वक्फ इस्टेट बिहार शरीफ के कटती आ रही है सोगरा वक्फ इस्टेट की जनरल कमिटि मोरखा 5 अगस्त 1978 ई० के नशीसत में एक अकलीयती कॉलेज सोगरा वक्फ इस्टेट के जरीए खोले जाने का रिजुलेशन ब इत्तेफाक राय पास किया और यह भी तैय पाया कि अराजीयात शैय सेटलमेन्ट पर कॉलेज की इमारत बनाई जाय मज़ीद 9 जुलाई 1979 ई० को सोगरा वक्फ इस्टेट की जनरल कमिटि ने ब इत्तेफाक राय यह तजवीज पास की के आराजीयात शैय सेटलमेन्ट की रजिस्ट्री सोगरा कॉलेज बिहार शरीफ के नाम कर दी जाय और इसकी इजाजत बिहार स्टेट सुन्नी वक्फ बोर्ड हासिल करनी चाहिए जो बिहार स्टेट सुन्नी वक्फ बोर्ड पटना के खत नं० एस.डब्लु.बी./19 के नं० 15 बी.(के)2 नं०-2756 तारिख 10.10.79 के रू से आराजीयात मजकुर बाला को सोगरा कॉलेज बिहार शरीफ को रजिस्ट्री करने की इजाजत दी जाय सोगरा कॉलेज एक मुस्लिम अकलीयती इदारा है और जो सोगरा वक्फ इस्टेट के जरीए कायम किया गया है और जिसका नज़म व नसक सोगर वक्फ इस्टेट के जेरे इन्तेजाम है। कॉलेज मोसूफ की इमारत हॉस्टल कवाटर व दीगर और जरूरीयात कॉलेज के लिए के लिए सेटलमेन्ट कर दिया।

चुनांचे मनमोकिर ने सोगरा वक्फ इस्टेट की जनरल कमिटि के रेजुलेशन नं०-6 व 7 तारिख 5 अगस्त 1978 ई० व रेजुलेशन नं०-4 तारिख 9 जुलाई 1979 ई० बिहार स्टेट सुन्नी वक्फ बोर्ड के इजाजत नामा के बिना पर हस्बे जैल एकरार करता हूँ और लिख देता हूँ।

1. मनेमोकिर ने सोलह आना अराजीयात शैय सेटलमेन्ट को जिसकी मालीयत तख्मीनन मुबलिग दस हजार रूपया है बराये तामिर इमारत हॉस्टल क्वाटर व अख्राजात सोगरा कॉलेज बिहार शरीफ जिला नालन्दा को सेटलमेन्ट किया।
2. मनेमोकिर ने अराकिन इंतेजामिया सोगरा कॉलेज बिहार शरीफ जिला नालन्दा को सोलह आना अराजीयात शैय सेटलमेन्ट हाजा पर बहाल व बकायम मोकाम खुद काबिज दखिल गरदाना।

लाजिम है कि अराकिन इंतेजामिया कमिटि सोगरा कॉलेज बिहार शरीफ जिला नालन्दा मोजूदा या आईन्दा बहैसियत इंतेजामिया कमिटि सोगरा कॉलेज बिहार शरीफ जिला नालन्दा काबिज दखिल होकर रहकर आमदनी अराजीयात शैय सेटलमेन्ट को जरूरीयात सोगरा कॉलेज में खर्च किया करें और जहॉ कहीं भी जरूरत हो सोगरा कॉलेज का नाम दर्ज करा लेवें और कॉलेज अपनी इमारत हॉस्टल कवाटर वगैरह की तामिर करें।

3. वाजेह हो कि जुज़ या कुल अराज़ीयात शैय सेटलमेन्ट हाजा किसी वक्त और किसी हाल में भी किसी रूकन इंतेजामिया कमिटि की जाती हैसियत नहीं होगी और न उन के वारिसान कायम मोकामयान की मौरूसी हैसियत होगी और अब मनेमोकिर व कायम मोकामयान मनेमोकिर को जुज़ या कुल अराजीयात शैय सेटलमेन्ट में किसी किस्म का कोई सरोकार व वास्ता नहीं रहा और न आईन्दा होगा।

4. वाजेह हो कि वसीका हाजा का नफाज़ आज मरकुमा तारिख रजिस्ट्री के दिन से होगा अगर खोदा न खास्ता आईन्दा कॉलेज मोताजक्केरा हाजा किसी बिना पर न चल सके तो वैसी हालत में सेटलमेन्ट शुदा जायदाद सोगरा वक्फ इस्टेट लहेरी मोहल्ला बिहार शरीफ नालन्दा के कब्ज व दख्ल में चली जाएगी।

इस वास्ते वसीका सेटलमेन्ट हाजा लिख दिया कि वक्त जरूरत काम आवे फक्त।

तहरीर बतारिख पंजुम (5) माह दिसम्बर 1979 ई० मुताबिक माह पूस 1387 फसली